तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

4
कलेक्टर ने किया सियान गुड़ी का निरीक्षण, वन टू वन की चर्चा





## खबर संक्षेप

### खनिज व पुलिस की कार्रवाई 4 वाहन जब्त

**सारंगढ़।** जिले के खनिज अमला एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कोसीर क्षेत्र में गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 4 वाहन ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 7641, सीजी 13 वाई 7579 तथा 02 सोनालिका सोल्ड पर कार्रवाई करते हुए थाना कोसीर में सुरक्षार्थ रखा गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान एवं खनिज विकास अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की गई। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई आगे भी कलेक्टर के निर्देशानुसार की जाएगी।

### टपरदा में अवैध महुआ शराब भट्टी का नष्टीकरण

**रायगढ़।** पुसौर पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम टपरदा में अवैध रूप से बनाये महुआ शराब भट्टी का नष्टीकरण किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टपरदा के बाहर खेत में अवैध महुआ शराब बनाने के लिए भट्ठियां लगाई गई हैं। सूचना मिलते ही गुरुवार की सुबह थाना प्रभारी द्वारा हमराह स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान शराब बनाने वाले मौके से फरार मिलेए लेकिन पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद अवैध भट्ठियों को नष्ट करते हुए लगभग 70 से 80 प्लास्टिक डिब्बों और बोरियों में संग्रहित महुआ पास का नष्टीकरण किया। थाना प्रभारी द्वारा गांव में मुनादी कराकर स्पष्ट चेतावनी दी गई कि अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अवैध शराब के निर्माण और विक्रय से दूर रहने की अपील की।

### दर्जन भर मिलर ऐसे हैं जिनका चावल जमा है बाकी, विभाग दे रहा है तारीख पर तारीख

# बीते साल का 100 फीसदी चावल जमा नहीं तो मिलर को माना जाएगा अयोग्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि बीते सालों का चावल जमा नहीं किया है तो इस साल एग्रीमेंट के बाद भी नया चावल जमा नहीं कर सकते। उनको अभी अयोग्य माना जा रहा है। हालांकि करीब 128 मिलरों का एग्रीमेंट हो चुका है। इन मिलरों से 11 लाख 64 हजार 792 एमटी का एग्रीमेंट हुआ है। जिन मिलरों ने चावल जमा नहीं किया है विभाग भी उनको तारीख पर तारीख जमा करने छूट दे रही है। ऐसे मिलरों की संख्या करीब 11 है जो बीते साल का चावल जमा नहीं किया है। उनके द्वारा अभी धान का उठाव भी किया जा रहा है, लेकिन चावल जमा नहीं कर सकते हैं।

धान खरीदी, उठाव और कस्टम मिलिंग का चावल जमा में इस बार कई पेंच फंस चुका है। अभी तक जो नया चावल जमा हुआ है उसका कोई रिकार्ड ही नजर नहीं आ रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी का कहना है कि साफ्टवेयर में कुछ तकनीकी कारणों से शो नहीं कर रहा है। कुछ मिलरों द्वारा नया चावल जमा किया गया है, लेकिन कोई दस्तावेज नहीं है। दूसरी ओर जिले में 128 राइस मिलरों का एग्रीमेंट चावल के लिए हो चुका है। इसमें उन मिलरों को चावल जमा के लिए अयोग्य माना गया है जो बीते सालों का चावल अभी तक जमा नहीं किया है। ऐसे मिलरों की संख्या करीब 11 होने की बात कही जा रही है। ये मिलर भी एग्रीमेंट कर चुके है, लेकिन अभी जमा नहीं कर सकते। पहले का चावल पहले जमा करना होगा।



### 3 लाख 27 हजार एमटी धान खरीदी

अब तक जिले में 3 लाख 27 हजार एमटी धान खरीदी हो चुकी है। इसमें 3 लाख 25 हजार 860 एमटी का डीओ-टीओ जारी किया जा चुका है। अब तक 1 लाख 80 हजार 374 एमटी का उठाव भी हो चुका है। हालांकि यह जारी डीओ टीओ का केवल 55 फीसदी ही है। ऐसे में उठाव की गति को भी धीमी होने की बात कही जा रही है। धान उठाव के बाद मिलिंग करना है। इसके बाद नागरिक आपूर्ति निगम और एफसीआई में जमा करना है। हालांकि अभी दो चार दिन तो चावल जमा ही नहीं हो सकता है। कारण तकनीकी खामियां होने की बात कही जा रही है।

### 52 हजार 545 किसानों ने बेचा धान

जिले में इस बार 85 हजार 241 किसानों का पंजीयन है। इसमें से अब तक 52 हजार 545 किसानों ने धान बिक्री किया है। देखा जाए तो यह कुल किसानों की संख्या का 86 फीसदी है। याने अभी भी 14 फीसदी किसान समिति तक नहीं पहुंचे हैं। खास बात यह है कि इस बार रकबा समर्पण को लेकर अधिकारियों का काफी दबाव है। इसके कारण भी धान खरीदी का आंकड़ा बीते साल से कम जा रहा है।

## सरिया पुलिस ने की 7 किलो 250 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** सरिया पुलिस ने मोटरसाइकिल से गांजा परिवहन करते हुए 7 किलो 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 70 हजार बताई गई है। थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में सरिया पुलिस टीम को यह सफलता मिली। 7 जनवरी को पेट्रोलिंग के दौरान एक काले-नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल सीजी 11 बीजी 4857 से ओड़िशा से गांजा लेकर सरिया की ओर आने की सूचना मिली थी। सरिया थाना के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम रमा कुमार खांडे 34 एवं अजय कुमार दिवाकर 28 दोनों निवासी सोनबरसा, थाना बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा बताए। तलाशी के दौरान पीछे बैठे आरोपी के काले रंग के बैग से 7 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे जिला बरगढ़ उड़ीसा से गांजा लाकर जिला जांजगीर-चांपा में बिक्री हेतु ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा पल्सर मोटरसाइकिल, मोबाइल जब्त किया गया है। कुल कीमत करीब 2 लाख 35 हजार आंकी गई है।

## रेंगालपाली चेकपोस्ट में जांच, 63 वाहनों पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने परिवहन विभाग द्वारा रेंगालपाली चेकपोस्ट पर विशेष अभियान चलाया। जाँच के दौरान बिना रिफ्लेक्टर के संचालित पाए गए 63 वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम 104/177 एमव्हीए 1988 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल 31 हजार 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।



सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही संबंधित वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगीए ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



## दो सड़क हादसों में तीन की मौत,नहीं थम रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के पुसौर और पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो सड़क हादसों में तीन प्लांटकर्मियों की अकाल मौत हो गई। इन दोनों ही मामलों में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल रायगढ़ पुलिस जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मना रही है। जिसके अंतर्गत लोगों को सड़क हादसों के प्रति जागरूक करने तरह तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसके बाद भी हादसों में कमी नहीं आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को दो अलग अलग सड़क हादसों में तीन की मौत हो गई है। पहला मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहने वाला 27 वर्षीय अखिलेश सिंह पुसौर ब्लॉक के एक प्लांट में काम करता था। गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे वह अपने एक साथी के साथ बाइक से चंद्रपुर से रायगढ़ आ रहा था। बड़े भंडार के पास अचानक वह बाइक से गिर गया। उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक के नीचे आ जाने से उसका सिर और शरीर बुरी तरह कुचल गया। जिससे मौके पर ही अखिलेश की मौत हो गई। उसके साथ बाइक पर सवार युवक को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना की सूचना पुसौर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

■ पुसौर और पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

वहीं दूसरी घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गेरवानी रोड पर नलवा प्लांट से पहले हादसा हुआ। इसमें दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार दो युवक गेरवानी से पूंजीपथरा की ओर जा रहे थे। रास्ते में वे एक डंपर को ओवरटेक कर आगे बढ़ रहे थे। तभी सामने से अचानक एक वाहन आ गयाए जिससे उनकी बाइक डंपर की चपेट में आ गई। डंपर के पहियों के नीचे दबने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक औरंगाबाद के रहने वाले थे और किसी प्लांट में काम करते थे। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका पद के लिए 23 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बाजीनपाली शांतिनगर वार्ड क्रमांक 32 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 23 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी, कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### कलेक्टर ने जिले में तीन स्थानीय अवकाश किया घोषित

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए रायगढ़ जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इनमें 16 जुलाई 2026 गुरूवार रथयात्रा, 19 अक्टूबर सोमवार महानवमी और 9 नवम्बर सोमवार दीपावली का दूसरा, गोवर्धन पूजा शामिल है। उक्त अवकाश कोषालय, उप कोषालय, बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### आदिवासी कंवर समाज का वार्षिक सम्मेलन 13 से

**कांसाबेल।** अखिल भारतीय आदिवासी कंवर समाज विकास समिति के तत्वावधान में समाज का तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन आगामी 13, 14 एवं 15 जनवरी 2026 को पमशाला कंवर धाम, ईब नदी के तट पर आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर समाजजनों में उत्साह और हर्ष का वातावरण है। समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, कंवर समाज द्वारा वर्ष 1952 से समाज के प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन में सामाजिक उत्थान, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं रीति-नीति के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्वजों के योगदान को स्मरण करते हुए समाज एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि को मजबूत करने के उद्देश्य से यह वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। साथ ही युवाओं, बुद्धिजीवियों एवं समाज के गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। समाज के बुद्धिजीवियों, गणमान्य बंधुओं, अंचल एवं केंद्रीय पदाधिकारियों के लिए सामाजिक भवन में रात्रि विश्राम अनिवार्य रहेगा। समिति ने समाज के सभी बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर समाज को सशक्त और संगठित बनाने में सहभागिता निभाएं।

### आवास की पहली किस्त पाने के बाद भी काम शुरू नहीं कराने वालों को नोटिस

**पत्थलगांव।** जनपद पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत होकर प्रथम क़स्ति पाने पश्चात काम शुरू नहीं करवाने वाले हितग्राहियों को नोटिस देकर जनपद पंचायत बुलाया जा रहा है। जनपद पंचायत में आने पर आवास हितग्राहियों से जनपद पंचायत सीईओ एवं आवास समन्वयक रोजमेरी लकड़ा के द्वारा उनसे बात कर ये जानने का प्रयास किया गया कि आपने आवास निर्माण के लिए प्रथम क़स्ति पाने के बाद भी अभी तक आवास बनाने शुरू क्यों नहीं किया गया जबकि नियमानुसार प्रथम क़स्ति के बाद आवास बनाना शुरू हो जाना चाहिए था हितग्राहियों को समझाइश देकर जल्द से जल्द आवास बनाने की प्रक्रिया शुरू करने हिदायत दी जा रही है। पत्थलगांव जनपद पंचायत के सीईओ केके श्रीवास ने बताया आवास समन्वयक रोजमेरी लकड़ा के साथ आवास हितग्राहियों को जल्द काम शुरू करने कहा गया है। अभी तक 113 प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों जिन्होंने प्रथम किस्त पाकर प्रधानमंत्री आवास बनाना शुरू नहीं किया है उन्हें नोटिस देकर बुलाया जा रहा है उनसे बात कर जानकारी ली जा रही है और उन्हें जल्द ही आवास निर्माण शुरू करने की समझाइश देते हुए निर्देशित किया जा रहा है।

# हाईकोर्ट से घरघोड़ा भूमि अधिग्रहण मुआवजा प्रकरण में अहम फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने घरघोड़ा तहसील से जुड़े भूमि अधिग्रहण मुआवजा मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू की एकलपीठ ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, घरघोड़ा द्वारा मुआवजा घटाने संबंधी आदेश को विधि विरुद्ध मानते हुए निरस्त कर दिया।

यह मामला ग्राम बजरमुड़ा घरघोड़ा निवासी सुरेश चौधरी से संबंधित है, जिनकी भूमि का अधिग्रहण छत्तीसगढ़ भूमि राजस्व संहिता, 1959 की धारा 247 के अंतर्गत किया गया था। एसडीओ राजस्व द्वारा 22 जनवरी 2021 को मुआवजा निर्धारित किया गया था। प्रकरण में राज्य शासन का पत्र दिनांक 04 जुलाई 2024 महत्वपूर्ण रहा, जिसमें जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह उल्लेख किया गया कि मुआवजा निर्धारण में त्रुटि प्रतीत हो रही है।

इसी के आधार पर कलेक्टर द्वारा 25 जुलाई 2024 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा को पत्र जारी कर मुआवजा राशि का पुनः आकलन करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात एसडीओ राजस्व द्वारा 2 दिसंबर 2024 को आदेश पारित कर पूर्व में निर्धारित मुआवजा राशि में कटौती कर दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से यह तर्क दिया गया कि वर्ष 2021 में पारित मुआवजा आदेश की समीक्षा करने से पूर्व छत्तीसगढ़ भूमि राजस्व संहिता की धारा 51 के तहत सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेना और प्रभावित पक्ष को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य थाए जिसका पालन नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि एसडीओ राजस्व कलेक्टर के अधीनस्थ अधिकारी हैं इसलिए वे बिना सक्षम उच्चाधिकारी की लिखित अनुमति के पूर्व आदेश की समीक्षा नहीं कर सकते। साथ ही, समीक्षा की अनुमति देने से पूर्व प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिया जाना भी आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी कहा कि धारा 32 के अंतर्गत निहित शक्तियों का उपयोग कर पूर्व आदेश की समीक्षा नहीं की जा सकती, क्योंकि समीक्षा के लिए संहिता में धारा 51 के तहत स्पष्ट प्रावधान मौजूद है। इन आधारों पर हाईकोर्ट ने एसडीओ राजस्व का 2 दिसंबर 2024 का आदेश निरस्त कर दिया। हालांकि न्यायालय ने शासन को यह स्वतंत्रता भी दी है कि यदि वह चाहे तो धारा 51 के अंतर्गत निर्धारित विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मुआवजा आदेश की समीक्षा कर सकता है। यह फैसला राजस्व मामलों में प्रक्रिया के पालन, प्राकृतिक न्याय और कानून के शासन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। तत्कालीन एसडीएम अशोक कुमार मार्बल द्वारा 22 जनवरी 2021 को मुवावजा निर्धारित किया गया था जिसे सही माना गया है।



# शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा, इधर काउ कैचर बना कचरा गाड़ी

**रायगढ़।** शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा अब आम लोगों की जान पर भारी पड़ने लगा है। चौक-चौराहों से लेकर मुख्य मार्गों तक मवेशियों की मौजूदगी के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैंए लेकिन जिम्मेदार महकमा इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि नगर निगम की लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है।

नगर निगम के पास आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए रखा काउ कैचर वाहन कचरा ढोने के काम में लाया जा रहा है। इससे न सिर्फ मवेशी पकड़ने की व्यवस्था ठप हो गई है, बल्कि सड़क सुरक्षा पर भी सीधा खतरा मंडरा रहा है। शहर के चारों दिशाओं में सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा नजर आता है। इन मवेशियों को पकड़ कर शहर से बाहर करनेए मवेशियों को खुला छोड़ने वाले मालिकों पर कार्रवाई करने का काम नगर निगम का है, लेकिन निगम के जिम्मेदार अधिकारी नींद में गाफिला हैं। जिससे मवेशियों के कारण शहर में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाईकोर्ट के आदेश का भी निगम के अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। इधर शहर के पंजरी प्लांट स्थित एसएलआरएम सेंटर के बाहर का नजारा निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यहां काउ कैचर वाहन में स्वच्छता दीदियों द्वारा कचरा ढोते हुए देखा जा रहा है। जिस वाहन का इस्तेमाल सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए होना थाए वही अब कचरा गाड़ी बनकर रह गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब काउ कैचर ही कचरा ढोने में लगा रहेगाए तो सड़कों से मवेशी कौन हटाएगा।





### आए दिन हो रहे हादसे फिर भी चुप्पी

शहर में मवेशियों से टकराकर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के घायल होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती हैए जब अंधेरे में अचानक सड़क पर बैठे मवेशी हादसे का कारण बनते हैं। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा न तो नियमित पकड़ अभियान चलाया जा रहा है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### मुझे जानकारी नहीं है

आवारा मवेशियों का धरपकड़ अभी बंद है। गोठानों को पशु विभाग को सौंप दिया गया है। रही बात काउ कैचर कचरा गाड़ी के रूप में उपयोग होने की तो उसकी मुझे जानकारी नहीं है। मैं इसे दिखवाता हूं।

**जीवर्धन चौहान**, महापौर, रायगढ़

**मनरेगा से बदली बंजर भूमि की तकदीर**

# तमनार में हरियाली बनी ग्रामीण आजीविका का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अब केवल मजदूरी तक सीमित नहीं रही, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर आजीविका का मजबूत माध्यम बनती जा रही है। रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजना में मनरेगा के तहत किए गए पौधरोपण कार्य ने बंजर भूमि को हरियाली में बदलते हुए ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिखी है।

इस योजना के तहत स्वीकृत इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, पर्यावरण संतुलन को मजबूत करना और आय के स्थायी साधन विकसित करना था। परियोजना के अंतर्गत स्व.सहायता समूह से जुड़ी हितग्राही कस्तूरी छडानन द्वारा



पौधरोपण कार्य का सफल क्रियान्वयन किया गया। कुल 1.70 लाख रुपए की लागत से मजदूरी मद 1.18 लाख एवं सामग्री मद 0.52 लाखद्ध यह कार्य 31 जुलाई 2020 को प्रारंभ होकर 31 अगस्त 2022 को पूर्ण हुआ। इस दौरान 707 मानव दिवस का सृजन हुआए जिससे गांव के कई अकुशल श्रमिकों को निरंतर रोजगार मिला। लगातार तीन वर्षों से इस योजना के तहत मैटेनेंश किया गया।

# करोड़ों की लागत से सजा बसंती सरोवर बदहाल जर्जर फ्लॉटिंग पुल व नौका विहार बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर विकसित किया गया बसंती सरोवर धीरे धीरे अपना आकर्षण खोता जा रहा है। वर्षों तक कूड़े कचरे से भरे डीएवी तालाब के पुनरुद्धार के लिए राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करीब 14 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप के अवसर पर शहर को सुंदर बनाने की कड़ी में इस तालाब का सौंदर्यीकरण कर 25 मार्च 2023 को बड़े उत्साह के साथ उद्घाटन किया गया और इसका नाम बदलकर बसंती सरोवर रखा गया। शुरुआती दिनों में यह स्थान शहरवासियों के लिए एक प्रमुख मनोरंजन केंद्र बन गया था।

- शहर का प्रमुख आकर्षण रहा बसंती सरोवर उपेक्षा का शिकार
- पानी के दुर्गंध व असुरक्षा से लोग परेशान

सरोवर परिसर में बच्चों के लिए झूले, युवाओं के लिए बैठने की व्यवस्था, रंगीन वाटर फाउंटेन और आकर्षक रोशनी लोगों को खूब लुभाती थी। 15 अगस्त 2023 से यहां बोटिंग की सुविधा शुरू होने के बाद दिनभर कॉलेज छात्रों की भीड़ रहती थी, जबकि शाम के समय परिवार और शहरवासी नाव विहार का आनंद लेने पहुंचते थे। लेकिन वर्तमान स्थिति लोगों को चिंता और भय में डाल रही है। पार्क में लगे अधिकांश उपकरण टूट फूट का शिकार हो चुके हैं। बोटिंग के लिए बनाया गया तैरता पुल फ्लोटिंग ब्रिज बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। पुल में लगाए गए हाई डेंसिटी पॉलीथीन ब्रिक्स कई जगहों से टूट या गायब हो गए हैंए जिससे बच्चों के गिरने और बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को सरोवर ले जाने से कतरा रहे हैं और नाव विहार भी लगभग बंद हो चुका है। सरोवर के रखरखाव को लेकर भी शहरवासियों में गहरी नाराजगी है। रखरखाव की जिम्मेदारी टेंडर के माध्यम से एक निजी कंपनी को सौंपी गई थीए इसके बावजूद सरोवर की बदहाल स्थिति लोगों के सवाल खड़े कर रही है। इस संबंध में राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीन दास्तगीर ने बताया कि संबंधित कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मरम्मत और देखरेख में गंभीर लापरवाही पाए जाने के कारण दोबारा टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### पाठ्यक्रम व अन्य परिवर्तन करने की अंतिम तिथि 10 को

**सारंगढ़।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययन करने वाले अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्यतरद्ध हेतु संस्था परिवर्तन पाठ्यक्रम परिवर्तन व अन्य परिवर्तन करने की प्रकिया की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक निर्धारित किया गया है। इस तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन व अन्य परिवर्तन करने की प्रक्रिया के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

# राय कॉलेज में मना युवा साहित्य उत्सव

**जशपुरनगर।** जिला स्तरीय युवा साहित्य उत्सव का आयोजन शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया, जिसमें जिले के महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनाओं के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। युवा साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इस अवसर पर कहानी एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री कीर्ति किरण केरकेट्टा ने कहा कि साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली चेतना है। युवाओं की रचनात्मक ऊर्जा ही किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर लेखन, अध्ययन एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर सृजन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने समाज और प्रकृति के प्रति अपने दृष्टिकोण, संवेदनाओं एवं



कल्पनाओं को कहानी एवं कविता के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इन रचनाओं में सामाजिक विषमताओं, मानवीय मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण तथा युवा चेतना की स्पष्ट झलक देखने को मिली, जिसे निर्णायक मंडल ने विशेष रूप से सराहा। जिला स्तरीय चयन समिति में प्रो. कीर्ति किरण केरकेट्टा विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ. रामानुज प्रताप सिंह धुर्वे शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी एवं प्रो.रिजवाना खातून विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने छात्र-छात्राओं की रचनाओं का गहन अध्ययन एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया। कविता वर्ग में प्रथम स्थान अंजू यादव बी ए तृतीय वर्ष शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी, द्वितीय स्थान दीपक राम एमएससी रसायनशास्त्र प्रथम सेमेस्टर शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर एवं तृतीय स्थान कमल चौहान बीएससी तृतीय वर्ष शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर ने प्राप्त किया। कहानी वर्ग में प्रथम स्थान अनुरूप तिग्गा बीए तृतीय वर्ष शासकीय और राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर द्वितीय स्थान अंजलि बड़ा बीए तृतीय वर्ष शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी ने प्राप्त किया।

### पानी पर घंटों विश्राम करता है जल साधक बबलू, न चमत्कार न जादू लगातार अभ्यास की बना मिसाल

**बिरमित्रपुर।** सुंदरगढ़ जिले के बिरमित्रपुर से मानव सहनशक्ति, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का एक अनोखा उदाहरण सामने आया है। यहां 35 वर्षीय बबलू साहू पिछले करीब 25 वर्षों से पानी पर बिना किसी सहारे घंटों तक तैरते और लेटे रहने का अभ्यास कर रहे हैं। यह असाधारण क्षमता किसी चमत्कार, तंत्र मंत्र या अलौकिक शक्ति का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों के सतत अभ्यास और पानी से गहरे परिचय की देन है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बबलू साहू का यह अभ्यास बिरमित्रपुर के वार्ड नंबर 11 अंतर्गत तलसरा जलाशय में अक्सर देखा जा सकता है। कड़ाके की ठंड हो या तेज गर्मी, वे लंबे समय तक पानी में सहज भाव से तैरते या लेटे रह कर विश्राम करते हैं। गर्मियों में तो वे दिन का अधिकांश समय नदियों, नालों और तालाबों में ही बिताते हैं। पेशे से ट्रेक्टर चालक बताते हैं कि उनकी यह यात्रा 10 वर्ष की उम्र में शुरू हुई थी, जब वे पहली बार पास के एक नाले में स्नान करने गए थे। जिज्ञासा से शुरू हुआ पानी पर तैरने का प्रयास धीरे धीरे आदत और फिर एक अनुशासित अभ्यास में बदल गया।

# त्रिशक्ति सेवा ट्रस्ट एवं लायंस क्लब वेदव्यास द्वारा कृत्रिम अंग शिविर का उद्घाटन

**राउरकेला।** कृत्रिम अंग शिविर के उद्घाटन समारोह का अत्यंत गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लायन ममता गौतम जीए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डिस्ट्रिक्ट 322]2 की उपस्थिति रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अशोक अग्रवाल अध्यक्ष वेदव्यास गोशाला उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य दानदाता नंदकिशोर अग्रवंशी, उपाध्यक्ष त्रिशक्ति सेवा ट्रस्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, सचिव एंव सलाहकार दौलत अग्रवाल कार्यक्रम अध्यक्ष बबल गोयल तथा लायंस क्लब ऑफ राउरकेला वेदव्यास के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक लायन एन अग्रवाल मंचासीन थे। इस अवसर पर राउरकेला के अनेक प्रतिष्ठित एवं सम्मानित गणमान्य अतिथि की उपस्थिति रही,




जिनमें बबलू डालमिया, अशोक अग्रवाल, शांतीलाल पारीक, मनोज जैन, प्रवीण अग्रवाल,विकास बिंदल सहित अनेक सम्मानित व्यक्तित्व सम्मिलित रहे।

### सारंगढ़ जनपद पंचायत में सदस्यों के साथ भेदभाव, सीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**कोसीर।** सारंगढ़ जनपद सदस्यों ने बताया कि लगभग एक साल से ऊपर हो गया लेकिन सारंगढ जनपद पंचायत में अभी भी जनपद सदस्यो के साथ भेदभाव किया जा रहा है, जिसे लेकर भाजपा जनपद सदस्य ने अपनी प्रति भेदभाव को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेताओ के साथ बडी संख्या मे पहुंच कर सीएम विष्णूदेव साय को ज्ञापन सौंपा है।

सारंगढ जनपद सदस्यो ने बताया कि जनपद पंचायत सारंगढ में सभी भाजपा जनपद सदस्य अत्यंत उपेक्षित हैं और काफी परेशान है। 15वें वित्त एवं गौण खनिज मद की राशि सभी जनपद सदस्यो के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जिसे लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात किया गया और 15 वें वित्त एवं गौण खनिज मद की राशि सभी सदस्यो मे समानांतर रूप से क्षेत्र विकास के लिए जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने दोनो मदो के आवंटन जारी करने पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान जनपद सदस्यों में क्षेत्र क्रमांक 07 हेमा विश्वनाथ बंसत, क्षेत्र क्र 5 भीम पटेल, क्षेत्र 16 रूखमनि पटेल, रजनी पटेल, क्षेत्र 22 से अश्विवती वरिहा, क्षेत्र 25 और 20 के जनपद सदस्य श्रीमती अंजू ऋृषिकेश पटेल, सुशीला सीताराम साहू, राजेश सिदार मौजूद रहे।

**रखरखाव के अभाव व अवैध कब्जों से मिट रही ऐतिहासिक पहचान, संरक्षण की मांग तेज**

# उपेक्षा की भेंट चढ़ती शहर की जर्मन स्थापत्य धरोहर, गोलघर अस्तित्व के संकट में

**राउरकेला।** राउरकेला, जो राज्य के प्रमुख औद्योगिक नगरों में शुमार है, अपनी औद्योगिक पहचान के साथ साथ जर्मन स्थापत्य कला की अनूठी विरासत के लिए भी जाना जाता रहा है। लेकिन समय के साथ साथ शहर में मौजूद यह ऐतिहासिक धरोहर रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे नष्ट होने की कगार पर पहुंचती जा रही है। अवैध कब्जों और उपेक्षा ने सेक्टर-5 स्थित गोलघर सहित कई जर्मन शैली की इमारतों की सुंदरता और पहचान को ढक दिया है।

राउरकेला में आज भी कुछ गिने-चुने स्थानों पर जर्मन तकनीकी दक्षता और स्थापत्य ज्ञान के प्रमाण देखने को मिलते हैं। इनमें सेक्टर.2 स्थित मैक्समुलर भवन, इंडो-जर्मन क्लब और सेक्टर.5 का गोलघर प्रमुख हैं। इन भवनों का निर्माण साठ के दशक में हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड ;द्वारा उस समय



कराया गया थाए जब राउरकेला स्टील प्लांट की स्थापना के लिए जर्मन इंजीनियरों और विशेषज्ञों को यहां लाया गया था। उस दौर में राउरकेला की जलवायु जर्मन इंजीनियरों के लिए अनुकूल नहीं थी। इसी कारण उनके रहने के लिए विशेष जर्मन शैली के मकानों का निर्माण कराया गयाए जिन्हें उनके गोलाकार आकार के कारण गोलघर कहा गया। इन मकानों की खासियत यह थी कि ये गर्मियों में ठंडे और सर्दियों में अपेक्षाकृत गर्म रहते थे। अपनी अनूठी बनावट और वास्तुकला के कारण ये गोलघर कभी शहर का आकर्षण हुआ करते थे और इन्हें देखने राज्य के बाहर से भी लोग आते थे। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। रखरखाव के अभाव में ये ऐतिहासिक भवन जर्जर होते जा रहे हैं। गोलघर के आसपास अवैध कब्जों ने इसकी मूल संरचना और सुंदरता को पूरी तरह ढक दिया है। अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर गोलघर में रहने वाले लोगों ने बताया कि यह इलाका अब असामाजिक तत्वों और अवैध कब्जाधारियों के प्रभाव में चला गया है। यहां मकानों की अवैध खरीद फरोख्त खुलेआम हो रही है। गोलघर लगभग छह लाख रुपये और बैरक तीन लाख रुपये में बेचे जा रहे हैं। विरोध करने पर स्थानीय लोगों को धमकियां दी जाती हैं जिससे भय के कारण लोग मजबूरी में चुप रहने को विवश हैं।

### धान खरीदी व्यवस्था सुचारू किसानों को मिल रहा लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में जशपुर जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी तरह व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की निरंतर आवक बनी हुई है। शासन की किसान-हितैषी नीतियों एवं पारदर्शी व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। धान खरीदी केंद्र में अपनी उपज बेचने पहुंचे ग्राम बसरूपपुर निवासी किसान कृष्णा यादव ने बताया कि उन्हें केंद्र में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि पिताजी के नाम से “टोकन तुंहर हाथ” मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे ही ऑनलाइन टोकन लिया गया।



# 51 साल की उम्र में ऋतिक ने कराया हॉट फोटोशूट

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' के रूप में अपनी जगह पक्की कर चुके ऋतिक रोशन ने बुधवार को सोशल मीडिया पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर कर सभी को हैरान कर दिया है। 51 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस बरकरार है। ऋतिक हर बार अपने लुक से फैंस को हैरान कर देते हैं। ऋतिक ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया जिस पर उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी अपना रिएक्शन दिए बगैर रह नहीं पाईं। 2026 की शुरुआत में ऋतिक का यह दमदार फोटोशूट फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। इस फोटोशूट में ऋतिक आत्मविश्वास के साथ अपने 8 पैक एब्स फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# तापसी
## दर्शकों से जुड़ने वाली फिल्में करना है पसंद




अभिनेत्री तापसी पन्नू का मानना है कि वो कोई ऐसी फिल्म नहीं करती हैं, जो सिर्फ उनके बैंक का बैलेंस बढ़ाए। एक्ट्रेस ने बताया फिल्म चुनने से पहले किस बात पर ध्यान देती हैं । अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनय के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी पहचानी जाती हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पन्नू अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती रहती हैं। अब तापसी पन्नू ने अपने करियर को लेकर बात की और बताया कि कैसे कई फ्लॉप के बाद उन्हें अपने कॅरियर की राह मिली। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कोई फिल्म चुनते वक्त उनके लिए क्या बात सबसे मायने रखती है। एक बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने लगातार फ्लॉप फिल्मों और दिल टूटने के बाद अपनी असली पहचान की खोज के बारे में खुलकर बात की। तापसी ने कहा कि मुझे अपनी असली पहचान पाने के लिए लगातार कई फ्लॉप फिल्मों और दिल तोड़ने वाले अनुभवों से गुजरना पड़ा।


मुझे एहसास हुआ कि मैं उन फिल्मों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हूं, जिनमें मेरा दिल और दिमाग पूरी तरह से उस चीज से जुड़ा होता है जिसे मैं पेश कर रही हूं। उस प्रोजेक्ट का दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव होता है। इसलिए अब मैं सिर्फ अपनी अंतरात्मा की सुनती हूं। मैं शायद उन प्रोजेक्ट्स को नहीं चुनती जो मेरे बैंक खाते को बढ़ाएं, बल्कि उन प्रोजेक्ट्स को चुनती हूं जो मेरी आर्टिस्टिक क्षमता को निखारें। एक ऐसा नया रास्ता बनाएं जिस पर ज्यादा लोग नहीं चलते।

## हॉलीवुड मसाला



# एवेंजर्स डूम्सडे का टीजर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने 'एवेंजर्स डूम्सडे' का एक नया एक मिनट का टीजर जारी किया है। इसमें चार्ल्स जेवियर (पैट्रिक स्टीवर्ट) और उनके पुराने दुश्मन मैग्नेटो (इयान मैकेलेन) शतरंज खेलते हुए फिर से मिलते दिखाई देते हैं। मैग्नेटो अपनी गहरी आवाज में कहते हैं, 'मौत सबके लिए आती है। यह एक ऐसी चीज है जो मुझे पक्के तौर पर पता है। सवाल यह नहीं है कि 'क्या आप मरने के लिए तैयार हैं?' सवाल यह है कि 'जब आप आंखें बंद करेंगे, तो आप कौन होंगे?' इसके बाद जेम्स मार्सडेन का साइक्लोप्स अपना विजर हटाते हुए दिखता है।



# स्लो सिनेमा स्टाइल के बड़े नाम थे बेला टार

**लॉस एंजिल्स।** हंगेरियन के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक बेला टार का मंगलवार को 70 साल की उम्र में निधन हो गया। वे अपनी गहरी और डरावनी फिल्मों जैसे 'डैम्नेशन' और 'सैटनटैंगो' के लिए जाने जाते थे। उन्हें 'स्लो सिनेमा' आंदोलन का संस्थापक माना जाता है। बेला टार स्लो सिनेमा स्टाइल के बड़े नाम थे। इस स्टाइल में काले-सफेद दृश्य, लंबे-लंबे शॉट्स, कम बोलचाल, कोई पारंपरिक कहानी नहीं और पूर्वी यूरोप की रोजमर्रा की जिंदगी को उदास तरीके से दिखाया जाता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण उनकी 1994 की फिल्म 'सैटनटैंगो' है, जो सात घंटे लंबी है। बेला टार का जन्म 21 जुलाई 1955 को हंगेरियन के पेक्स शहर में हुआ था। बचपन में उन्होंने टीवी पर छोटी भूमिकाएं कीं। 16 साल की उम्र से वे फिल्म बनाने लगे।



# दो दशक बाद भी काम न मिलने पर रोती हैं

**मुंबई।** लगभग दो दशक से भी पहले बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने करियर में अलग-अलग तरह की फिल्में की हैं। इस दौरान उन्होंने लीड एक्ट्रेस से लेकर सपोर्टिंग एक्ट्रेस तक के किरदार निभाए हैं। बेशक वो अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं, लेकिन एक्ट्रेस का मानना है कि काम न मिलने पर खाली बैठना काफी कष्टदायी होता है। सिर्फ प्रोफेशनल तौर पर ही नहीं, बल्कि इमोशनल रूप में भी ये काफी मुश्किल होता है। एक बातचीत के दौरान नेहा धूपिया ने करियर में काम न मिलने पर बात की और अपनी चिंता जाहिर की। एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैं काम नहीं कर रही होती हूं तो मुझे चिंता होती है। मेरे पास इससे निपटने के अपने तरीके हैं। इंडस्ट्री में 20 साल बिताने के बाद भी, जब काम बंद होता है, तो मैं तकिए में सिर रखकर रोती हूं।



# अर्जुन ने गोवा गैंग के साथ देखी धुरंधर

**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन रामपाल ने आदित्य धर की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' में मेजर इकबाल के किरदार से काफी धूम मचाई। वहीं, हाल ही में अर्जुन ने अपने गोवा के दोस्तों संग फिल्म 'धुरंधर' देखी, जिसकी खास झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। अर्जुन रामपाल ने अपने दोस्तों के साथ मस्ती भरी पार्ची की कुछ झलकियां इंस्टाग्राम पर साझा कीं। इनमें सिनेमा हॉल में सभी को ग्रुप सेल्फी लेते हुए देखा जा सकता है। साथ ही डिनर के समय की भी एक तस्वीर है। यहां तक कि मिठाई और पेस्ट्री की थाली पर भी चॉकलेट से 'धुरंधर' लिखा हुआ दिखाई दे रहा है। अर्जुन रामपाल ने लिखा, 'अपने दोस्तों (गोवा के गैंगस्टर्स) के साथ 'धुरंधर' फिल्म देखने गया था। बहुत मजा आया। इसके बाद डिनर के लिए खूबसूरत टेर्टुलिया रेस्टोरेंट गए।

## टीवी मसाला



# नयनतारा में घोरकामिनी बनकर आईं सुधा चंद्रन

**नई दिल्ली।** टीवी की दिग्गज एक्ट्रेस सुधा चंद्रन चर्चा में हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के कारण। बीते दिनों उन्होंने अपने घर पर माता की चौकी रखी थी, जिसमें वो अजीब हरकतें करने लगी थीं। कहा गया कि उनके ऊपर माता जी आ गई थीं। दूसरी तरफ उन्होंने फेमस 'नयनतारा' सीरियल में 'घोरकामिनी' बनकर एंट्री की है। साथ ही ये भी बताया है कि क्या वो 'नागिन 7' का हिस्सा होंगी। सुधा चंद्रन ने कहा कि अभी तक 'नागिन 7' के मेकर्स की तरफ से उन्हें कोई ऑफर नहीं मिला है। इसलिए वो एकता कपूर के इस शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने ये भी बताया कि सारे सीजन में उनकी फेवरेट नागिन मौनी रॉय हैं। उनका चाल-ढाल और आंखें... वो पूरी तरह से नागिन में ढल जाती हैं। इसके अलावा सुधा की 'नयनतारा' सीरियल में एंट्री हुई है। इसमें श्रुति बिष्ट और अर्जुन चक्रवर्ती लीड रोल में हैं। सुधा कहानी में बड़ा ट्विस्ट लेकर आई हैं। सुधा ने 'घोरकामिनी' बनकर शो में एंट्री की है। उन्होंने कहा, 'घोरकामिनी खुद को बुराई की कैटेगरी में नहीं रखती है। उसका मानना है कि दुनिया को फिर से बनाने के लिए उसका टूटना जरूरी है। वो कहती हैं, 'कहानी के अहम मोड़ पर नयनतारा से जुड़ने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।' कुछ दिनों पहले सुधा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो अजीब हरकतें कर रही थीं। उन्होंने घर पर माता की चौकी रखी थी, जिस दौरान उनके ऊपर माता आ गई थीं।

## शार्क टैंक इंडिया 5: अनुपम-अमन में नोक-झोंक

**नई दिल्ली।** 'शार्क टैंक इंडिया 5' के लेटेस्ट एपिसोड में मुंबई का एक कपल अपने ब्रांड के लिए आया, तो उसे ऑफर देने के चक्कर में अनुपम मित्तल और अमन गुप्ता आपस में लड़ बैठे। दोनों ने एक-दूसरे को ताने मारे, खूब तंज कसे। तब नमिता थापर ने उनका बीच-बचाव किया।



'शार्क टैंक इंडिया' के अब तक हर सीजन में अमन गुप्ता और अनुपम मित्तल के बीच खट्टी-मीठी नोंकझोंक देखने को मिली। अब हाल ही जब पांचवा सीजन शुरू हुआ, तो एक बार फिर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। 'शार्क टैंक इंडिया' के लेटेस्ट एपिसोड में मुंबई का एक कपल अपने ब्रांड के लिए पहुंचा, पर उसके साथ डील साइन करने के चक्कर में अमन गुप्ता और अनुपम मित्तल आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे की नौकरी और बंद हुईं कंपनियों पर ताना मारना शुरू कर दिया। यह देख नमिता थापर ने उनका बीचबचाव किया। मुंबई के रहने वाले पति-पत्नी वरुण दुग्गीराला और पूजा जौहर अपने ब्रांड के लिए 'शार्क टैंक इंडिया' में पहुंचे।

# कैटरीना -विक्की ने दिखाई बेटे की पहली झलक, किया नामकरण

**मुंबई।** विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 07 नवंबर को पहली संतान के रूप में बेटे का स्वागत किया। अब उन्होंने अपने बेबी बॉय की पहली झलक फैंस को दिखाई है। बी-टाउन की इस खूबसूरत जोड़ी ने अपने बेबी बॉय का नामकरण किया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपने बेटे का नाम विहान कौशल रखा है। इसका अर्थ होता है 'रोशनी की किरण'। कटरीना और विक्की ने एक साझा इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस के साथ बेटे की पहली झलक साझा करते हुए, नाम का खुलासा किया है। हालांकि, उन्होंने तस्वीर में बेटे का चेहरा नहीं दिखाया है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल कौशल ने एक फोटो शेयर किया है। इसमें दोनों बेटे विहान के नन्हे हाथ को थाने नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'हमारी उम्मीद की किरण, विहान कौशल'। आगे लिखा है, 'दुआएं कुबूल हुईं। जिंदगी खूबसूरत है। हमारी दुनिया पल भर में बदल गई, इसे बयां करने के लिए शब्द नहीं है। हम सिर्फ शुक्रगुजार हैं'। कटरीना कैफ और विक्की कौशल के इस पोस्ट पर फैंस जमकर बधाई दे रहे हैं। साथ ही सेलेब्स ने भी शुभकामनाएं दी हैं।



परिणीति चोपड़ा ने लिखा है, 'लिटिल बडी'। श्रेया घोषाल ने लिखा है, 'बधाई हो विक्की और कटरीना कैफ'। इसके अलावा शिबानी दांडेकर ने भी रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इनके अलावा दीया मिर्जा और भूमि पेडनेकर ने भी रिएक्शन दिए हैं। बीता वर्ष विक्की कौशल के लिए काफी खास रहा। पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह से उनकी जिंदगी में खुशियां आईं। एक तरफ फरवरी में रिलीज हुई फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। वहीं, दूसरी तरफ पर्सनल लाइफ में बेटे के जन्म से उनके परिवार में विस्तार हुआ। विक्की कौशल और कटरीना ने साल 2021 में शादी रचाई थी।

# स्कूल में बिपाशा को सब बुलाते थे 'लेडी गुंडा'
## पहली ही फिल्म में बना लिया था बॉलीवुड में दबदबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई आउटसाइडर्स ऐसे आए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखते ही अपनी एक्टिंग और खूबसूरती के दम फैंस को दीवाना बना दिया। 2000 के दशक में एक ऐसी ही खूबसूरत बला ने बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था, जिन्होंने आते ही बॉक्स ऑफिस पर ही नहीं, बल्कि फैंस के दिलों पर भी कब्जा कर कर लिया था।पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड जीतने वाली इस खूबसूरत हसीना ने कभी नहीं सोचा था कि वह एक दिन टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाएंगी।



***पर्सनैलिटी की वजह से 'लेडी गुंडी' कहलाती थीं :*** हम जिस खूबसूरत बंगाली ब्यूटी की बात कर रहे हैं, वह कोई और नहीं, बल्कि सबके दिलों पर राज करने वाली बिपाशा बसु हैं। 'राज' एक्ट्रेस का जन्म 7 जनवरी 1979 में दिल्ली में हुआ था, लेकिन वह कोलकाता में पली बढ़ी। 47 साल की बिपाशा बसु ने एक थ्रो-बैक इंटरव्यू में खुद ये खुलासा किया था कि जब वह स्कूल में थी, तो लोग उन्हें 'लेडी गुंडा' बुलाया करते थे। दरअसल, जब बिपाशा से ये पूछा गया था कि स्कूल में वह उन पर लाइन मारने वाले लड़कों को कैसे हैंडल करती थीं, तो एक्ट्रेस ने कहा था, 'मुझे कभी उन्हें हैंडल करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैं अपने स्कूल में सबसे बिगडैल लड़की के रूप में मशहूर थी, जो सबको मारती थी, इस कारण वह मुझसे सावधान रहते थे। स्कूल के समय में मैं 'लेडी गुंडा' थी।'

***नेगेटिव भूमिका से रखा था कदम :*** शुरुआती दौर में कई फिल्मों को न करने के बाद बिपाश बसु ने फाइनली अब्बास-मस्तान की मल्टी स्टारर फिल्म 'अजबनी' से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल-अक्षय कुमार और बिपाशा बसु भी नजर आए। फिल्म को भले ही मिक्स रिव्यू मिले हो, लेकिन बिपाशा बसु को उनके रोल के लिए काफी सराहना मिली। इसके बाद बिपाशा बसु ने राज, आंखें, मेरे यार की शादी है, चोर मचाए शोर, गुनाह, जिस्म, फुटपाथ, जमीन, नो एंट्री, फिर हेरा फेरी और धूम 2 जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी लास्ट फिल्म 2015 में अलोन आई थी और 2018 में उन्होंने वेलकम टू न्यूयॉर्क में एक छोटा सा रोल किया था।

### बनना चाहती थीं डॉक्टर

बिपाशा बसु ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में ये भी बताया था कि उनका एक्टिंग फील्ड से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। अपने 12वीं की परीक्षा पूरी होने के बाद वह मेडिसिन करना चाहती थीं, जिसके लिए उन्होंने कॉमर्स भी ली थी। डॉक्टर बनने की चाहत रखने वाली बिपाशा का इंटरेस्ट वहां से शिफ्ट होकर एक्टिंग की तरफ तब आया, जब वह साल 1996 में कोलकाता के एक होटल में अर्जुन रामपाल की पहली पत्नी मेहर जेसिया से मिली, जो उस समय की बड़ी मॉडल थीं। उसी साल उन्होंने 'गोदरेज सिंथोल सुपरमॉडल' का खिताब भी जीता। बस इसके बाद बिपाशा ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और वह अपने करियर में आगे बढ़ती गईं। उन्होंने मियामी में 'फोर्ड मॉडल्स सुपरमॉडल ऑफ द वर्ल्ड' में भारत को रिप्रेजेंट किया।

## गफूर घिसेला, बाबू चिपके ... फिर कभी नहीं आए नजर

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के किरदार, जो चंद सीन्स में ही लूट ले गए मजमा

*नई दिल्ली। यहां 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन 6 किरदारों के बारे में बता रहे हैं, जो चंद सीन्स या कुछेक एपिसोड्स में नजर आए, पर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गए। इन किरदारों को जिन्होंने निभाया, उनमें कोई ड्रेसमैन तो कोई मेकअप मैन भी रहा। एक एक्टर ने तो शो में 20 से अधिक किरदार निभाए हैं। जब भी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के किरदारों की बात होती है तो सभी के जेहन में जेठालाल, दयाबेन, बापूजी, तप्पू सेना, पोपटलाल, मिस्टर भिड़े और बबीता जी के ही नाम आते हैं। पर कुछ किरदार ऐसे भी रहे हैं, जो शो में चंद सीन्स या कुछ एपिसोड्स में ही नजर आए, पर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गए। चाहे वह गफूर घिसेला का किरदार हो, सखाराम पेंटर का या फिर बाबू चिपके और इंस्पेक्टर चालू पांडे। ये किरदार सिर्फ कुछ ही देर के लिए स्क्रीन पर दिखे, पर हमेशा के लिए दिलों में बस गए। इन किरदारों को जिन एक्टर्स ने निभाया है, पता है वो कौन हैं? उनमें से एक ने जहां 'तारक मेहता' में 10 तो वहीं दूसरे ने 20 से अधिक किरदार निभाए।*

### गफूर घिसेला- नीलेश दिवेकर

गफूर घिसेला का किरदार 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सिर्फ दो ही एपिसोड्स में नजर आया था, पर जबरदस्त गदर मचाया था। इसे एक्टर नीलेश दिवेकर ने निभाया था। शो में उनके वन लाइनर्स मशहूर हो गए थे। जैसे कि- बिना फोटो के फ्रेम, बिना रस के गुल्ले और बिना टेरेस की बिल्डिंग। नीलेश दिवेकर फिल्म'3 इडियट्स' में नजर आए एक्टर ओमी वैद्य के कजन हैं, जिन्होंने उस फिल्म में साइलेंसर का रोल प्ले किया था।

### ड्रेसमैन और मेकअप डिपार्टमेंट वाले ने निभाया मगन का रोल

मगन का किरदार मिलिंद ने निभाया था। शो में वह जेठालाल की गाडा इलेक्ट्रॉनिक्स में काम करता है। दरअसल, मिलिंद 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ड्रेसमैन हैं। वह शो के मेकअप डिपार्टमेंट को भी संभालते हैं। मगन के सिर्फ कुछ ही सीन्स थे, फिर भी यह किरदार दर्शकों के दिलों पर छा गया था।



### मटका किंग मोहनलाल रहा हिट, पर शो से हटा दिया गया

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का एक और एक किरदार जो बहुत पॉपुलर हुआ, वह था मटका किंग मोहनलाल। इसे एक्टर अनिल यादव ने निभाया था। यह किरदार अपनी अनोखी हरकतों और डायलॉग के लिए चर्चा में रहा था। फैंस ने मटका किंग के किरदार को खूब प्यार दिया, पर इसे फिर भी शो से हटा दिया गया था, जिससे दर्शक भी नाराज हो गए थे। दरअसल, मटका किंग जुआरी था और वह जब-जब गोकुलधाम सोसाइटी में आता था तो सबके लिए परेशानियां खड़ा कर देता था।

### सखाराम पेंटवाला, इस एक्टर ने निभाया था रोल

सखाराम पेंटवाला के किरदार को कैसे भूल सकते हैं? आखिरकार सखाराम को ही तो पूरी गोकुलधाम सोसाइटी में पेंट करने का काम दिया जाता है। इस किरदार को अरुण कदम ने निभाया था, जो एक मराठी एक्टर हैं। उन्होंने 'तारक मेहता' में 10 किरदार निभाए थे और हर किरदार में तारीफें बटोरीं।

### बाबू चिपके बने थे नीलेश भट्ट निभाए 20 से अधिक किरदार

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाबू चिपके का किरदार भी खूब पसंद किया गया था। इसने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया था। इस किरदार को एक्टर नीलेश भट्ट ने निभाया था। नीलेश कितने टैलेंटेड हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 'तारक मेहता' में 20 से अधिक किरदार निभाए हैं। कभी वह सुंदर के दोस्त तो कभी हरियाली होटल के मैनेजर तो कभी शराबी ड्राइवर के किरदार में दिखे। नीलेश भट्ट गुजराती एक्टर हैं और उन्होंने 'ऑल इज वेल' और 'ओह माय गॉड' जैसी हिंदी फिल्मों में भी की हैं।

### घंसू घायल- नितिन ने निभाया रोल, शो की कहानी भी लिखी

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में यह किरदार कुछ ही एपिसोड में नजर आया था, पर छा गया था। इसे नितिन केसवानी ने निभाया था। नितिन केसवानी एक्टर ही नहीं, स्क्रीनराइटर भी हैं। उन्होंने 'तारक मेहता...' के कुछ एपिसोड्स की कहानी भी लिखी है। एक बार उन्होंने इस शो के लिए बेस्ट स्टोरी का अवॉर्ड भी जीता था।

## खबर संक्षेप

### अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक 13 को

**रायगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक 13 जनवरी को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन वाले संस्थाओं की बैठक

**पुसौर।** बुधवार को पुसौर जनपद में जिला योजना सांख्यिकी सहायक समन्वयक नम्रता पटेल, सांख्यिकी अधिकारी अनिल किसपोटा, पूनम खलखो राजस्व अन्वेषक, रश्मि चंद्रा सहित अन्य की टीम जनपद क्षेत्र के 89 पंचायतों के सचिवों, पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्राथमिक, उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा नगर पंचायत पुसौर में कार्यरत जन्म-मृत्यु पंजीयन करने वाले कर्मचारियों के साथ बैठक किया। बैठक में नम्रता पटेल ने जन्म-मृत्यु पंजीयन के दस्तावेज जारी करने के पहले महत्व पूर्ण किस किस तरह के दस्तावेज एवं परिस्थितियां अपेक्षित होनी चाहिए इस पर प्रकाश डाला। इस बीच कई लोगों ने आ रही समस्या को लेकर अवगत कराया। नम्रता पटेल एवं उनके टीम के लोगों ने बारी बारी से समाधान किया। ज्ञात हो कि जब त्रिस्तरीय पंचायत राज लागू नहीं हुआ था उस समय सामान्य जन्म मृत्यु की सूचना कोटवार थाने में जाकर देते थे और इसका पंजीयन कराते थे। पंचायतों में यह प्रक्रिया 1993-94 से प्रारंभ हुई है और पुसौर नगर पंचायत में यह 2008 से प्रारंभ हुआ है।

### रंजिश में दो गुटों में हिंसक, दो गिरफ्तार

**राउरकेला।** शहर के सेक्टर-21 नयाबाजार इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प की घटना सामने आई है। इस मामले में प्लांटसाइट पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गुटों से दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। घटना में झरियाबहाल क्षेत्र का सुमित घायल हुआ, वहीं टिम्बर कॉलोनी निवासी प्रदीप बिश्वाल पर चाकू/छापड़ से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और फिलहाल हाईटेक मेडिकल में उपचाराधीन है। सूत्रों के अनुसार, टिम्बर कॉलोनी और नयाबाजार-झरियाबहाल बस्ती के युवकों के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले हुई कहासुनी के बाद मंगलवार रात यह विवाद हिंसा में बदल गया। पहले झरियाबहाल में सूरज नायक द्वारा सुमित से मारपीट की गई। इसके कुछ समय बाद सॉ-मिल चौक पर आनंद गौड़ और एक नाबालिग ने प्रदीप पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच कर आनंद गौड़ 26 वर्ष और सूरज नायक 22 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जबकि नाबालिग को सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

### जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ा कोइडा में पारा 5 डिग्री

**राउरकेला।** राज्य के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड का असर साफ दिखाई देने लगा है और सुंदरगढ़ जिला भी इसकी चपेट में आ गया है। लोग ठंड से बचने अलाव व अन्य साधन का सहारा ले रहे हैं। राउरकेला से सटे वनाच्छादित और पहाड़ी कोइडा क्षेत्र में तापमान तेजी से गिरते हुए 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है, जिससे पूरे इलाके में ठिठुरन काफी बढ़ गई है। कोइडा और टेंसा क्षेत्रों में रात के समय शीतलहर का प्रभाव सबसे अधिक देखा जा रहा है। तेज ठंड के कारण खुले खेतों, सड़कों के किनारे और खड़े वाहनों की ऊपरी सतहों पर पाले की मोटी परत जम गई है। पूरा इलाका सफेद परत से ढका नजर आया, जिससे लोगों को बर्फबारी जैसा आभास हुआ। कई स्थानीय निवासियों ने इसे इस वर्ष का पहला ऐसा अनुभव बताया, जबकि कुछ लोगों का दावा है कि इस मौसम में यह पूरे राज्य में पहली बार देखने को मिला है। कड़ाके की ठंड और लगातार जारी शीतलहर से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुबह और रात के समय लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। ठंड से बचाव के लिए अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लिया जा रहा है वहीं आम जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है।

## आवश्यक सामग्री उपलब्धता का दिया निर्देश

# कलेक्टर ने किया सियान गुड़ी का निरीक्षण, वन टू वन की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों के लिए संचालित 25 सीटर डे केयर सियान गुड़ी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने केंद्र में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि डे केयर सियान गुड़ी सेंटर का संचालन नियमित, सुव्यवस्थित एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए, ताकि वृद्धजनों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध हो सके।

साथ ही आवश्यक सामग्री, सुविधाओं एवं सेवाओं की निरंतर पूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र में साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, मनोरंजन एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाएं प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं सम्मान राज्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।


निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर।



### अपेक्स बैंक के लिए जमीन आरिक्षत निर्माण का अता-पता नहीं

**पुसौर।** जनपद के पीछे पेट्रोल पंप के पास जुड़ने वाले रोड किनारे अपेक्स बैंक पुसौर के लिए भवन के लिए जमीन तो तो आरक्षित की गई है, लेकिन अब तक भवन निर्माण का अता-पता नहीं है। यह जमीन करीब 4 साल पहले आरक्षित की गई थी, भवन निर्माण नहीं किया गया है। जानकारी के मुताबिक तहसील कार्यालय से लेकर तीन तराई तालाब तक गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें बीच रोड से दोनों ओर 40-40 फीट भूमि लेना है। अपेक्स बैंक भवन बीच रोड से लगभग 30 फीट में स्थापित है वहीं गौरव पथ बनने से इसके साथ साथ कईयों के मकान दुकान और दीवार हट सकते हैं। बहरहाल तक गौरव पथ निर्माण के लिए नाप जोख हो चुका है, लेकिन काम की शुरूआत नहीं हो पाई है।

## डॉ. चिराग ने डीएम, हृदयरोग परीक्षा प्रथम श्रेणी में की पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



नगर के डॉ चिराग़ अग्रवाल ने डी.एम एग्जाम में फर्स्ट डिवीज़न से पास होकर अपने परिजनों सहित नगर को गौरवान्वित किया है। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा खरसिया से ही ग्रहण की, दत्ता मेघे मेडिकल कालेज वर्धा से एमबीबीएस की परीक्षा पास कर नालंदा मेडिकल कालेज पटना में एमडी की डिग्री प्राप्त की।

विदित हो कि डाक्टर चिराग अग्रवाल ने देश की सबसे बेहतरीन मेडिकल कॉलेज मे से एक दिल्ली की वीएमएमसी सफदरजंग में अध्ययन कर डीएम हृदय रोग विशेषज्ञ की एग्जाम फर्स्ट डिवीज़न से पास कर अपने कुल व समाज सहित समूचे प्रदेश को गौरान्वित किया है, डाक्टर चिराग अग्रवाल द्वारा कोरोना काल के भयावह दौर मे भी मरीजों को दीं गई सेवाओं के लिए देश के विभिन्न मंचो से सामाजिक संस्थाओ द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉक्टर चिराग अग्रवाल डीएम कार्डियोलॉजी एग्जाम मे फर्स्ट डिवीजन स्थान हासिल कर खरसिया क्षेत्र के प्रथम डॉक्टर बनने का सौभाग्य हासिल कर बता दिया एक छोटे शहर में पल बढ़कर शिक्षा ग्रहण करने वाला भी आसमान की ऊंचाइयों तक पहुँच कर बड़ी सफलता हासिल कर सकता है। डॉक्टर चिराग अग्रवाल खरसिया के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश अग्रवाल एवं श्रीमती कौशल्या अग्रवाल के पोते एवं राजेश मेडिकोज के मनोज अग्रवाल व श्रीमती हेमा अग्रवाल के बड़े सुपुत्र हैं। डॉक्टर चिराग अग्रवाल को डीएम की एग्जाम में फर्स्ट डिवीज़न हासिल करने पर खरसिया विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री उमेश पटेल, भाजपा नेता गिरधर गुप्ता ने शुभकामनाएं दी है।

## पीएमश्री सेजेस में एलुमनी मीट का आयोजन भूतपूर्व छात्रों का किया गया सम्मान



**तमनार।** तमनार स्थित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय तमनार में मंगलवार को एलुमनी मीट, भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन से न केवल विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को सुदृढ़ किया बल्कि यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सफलताए संघर्ष एवं संकल्प का जीवन्त उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में उल्लेखनीय मुकाम हासिल कर चुके पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। एलुमनी मीट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों को एक मंच पर जोड़ना, उनके पुराने यादों को ताजा करना, शिक्षक छात्रों का मिलना, उनके साथ अनुभव साझा करना, वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों को प्रेरित करना एवं विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोग की मजबुत रूपरेखा तैयार करना है। इस आयोजन में पूर्व छात्रए शिक्षकगण, जन प्रतिनिधि, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, समिति के सदस्य, समाजसेवी, एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति मात्र से कार्यक्रम की भव्यता एवं गरिमा और अधिक बढ़ गया। कार्यक्रम में एसएमडीसी के अध्यक्ष दीपक पटनायक, सदस्यगण सुकदेव पटनायक, रामचरन कुम्हार, योगेश गुप्ता, सुषमा उरांव, ग्राम पंचायत तमनार के सरपंच सुश्री गुलापी सिदार, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी उत्तर कुमार सिदार, उमावि तमनार के प्राचार्य ओगरे, पूर्व प्राचार्य धनंजय सारथी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भूतपूर्व छात्रों को पारंपरिक तिलक चंदन एवं दीप आरती के साथ किया गया। प्रभावशाली मंच का संचालन श्रीमती खिरोदिनी पटनायक एवं श्रीमती मीना मिंज व्याख्याता द्वय द्वारा किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सुशील कुमार बोहिदार के द्वारा एलुमनी मीट की प्रस्तावना एवं रूपरेखा प्रस्तुत किया गया। सरपंच सुश्री गुलापी सिदार ने अपने ओजमयी एवं प्रभावी उद्बोधन में कहा कि कठिन परिश्रम एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### कुख्यात कान्हू समेत तीन चोर गिरफ्तार

**राउरकेला।** शहर वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर राउरकेला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रघुनाथपाली थाना कांड संख्या 14, दिनांक 07 जनवरी 2026, धारा 305 ब बीएनएस की जांच के दौरान रघुनाथपाली पुलिस ने एक संगठित वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह गिरोह राउरकेला शहर और उसके आसपास के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लंबे समय से सक्रिय था। रघुनाथपाली, टांगरपाली, ब्राह्मणी तरंग, गुरुंडिया, बंडामुंडा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज कुल 11 वाहन चोरी के मामले इसी गिरोह से जुड़े पाए गए। पुलिस कार्रवाई के दौरान गिरोह के मुख्य आरोपी कान्हु नायक के साथ उसके सहयोगी अनुप मुंडा और मोहम्मद गुलजार को गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी योजनाबद्ध तरीके से बोलेरो गाड़ियों और मोटरसाइकिलों को निशाना बनाकर चोरी करते थे और वारदात के बाद वाहनों को अलग अलग स्थानों पर छिपा देते थे।

## जलवायु परिवर्तन से हीट स्ट्रोक, श्वसन कुपोषण जैसी समस्याओं में हो रही वृद्धि

**रायगढ़।** जिले में जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 15 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के आरएमए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ पुरुष महिला, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ, बीडीएम, डीईओ, पीएडीए के साथ साथ जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों को समूहवार निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

- **सर्वाधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं पर पड़ रहा है, बढ़ी चिंता**



अत्यधिक गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, श्वसन संबंधी रोग, एलर्जी, जलजनित बीमारियां एवं कुपोषण जैसी समस्याओं में वृद्धि हो रही है, जिसका सर्वाधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं पर पड़ रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि बढ़ता तापमान, असामान्य वर्षा, लू, सूखा, बाढ़, जलस्तर में गिरावट एवं वायु प्रदूषण जैसी समस्याएं मानव जीवन, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर प्रभाव डाल रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि वायु प्रदूषण का प्रभाव अब अस्पतालों में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। सांस फूलना, लगातार खांसी, आंखों में जलनए त्वचा रोग एवं अस्थमा जैसे रोग वायु प्रदूषण की गंभीरता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की नींव है।

## पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी से विवाद, चार भेजे गए जेल



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से घरघोड़ा पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया में भेजा हे।

जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को थाना घरघोड़ा के सहायक उप निरीक्षक रामसजसीवन वर्मा अपने स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर थे। इस दौरान घरघोड़ा बस स्टैंड एवं ग्राम चुहकीमार में फेरी करने आए बाहरी व्यक्तियों की चेकिंग के समय अर्जुन गोगालिया, नौशाद, पंकज कछुआ एवं वकील कछुआ द्वारा पुलिस कर्मियों से अनावश्यक बहस करते हुए शोर शराबा किया गया। चारों को थाना लाया गया, जहां भी वे आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। स्थिति को देखते हुए चारों के विरुद्ध धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

इधर एक अन्य मामले में तिल्लाईपल्ली कोयला खनन परियोजना क्षेत्र में शांति भंग की आशंका को लेकर भी घरघोड़ा पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। अनावेदक रामलाल राठिया पिता फुल सिंह राठिया 33 निवासी चोटीगुड़ा थाना घरघोड़ा, जो कार्य के दौरान बेस्ट बीट खदान क्षेत्र में शराब के नशे में विवाद, लड़ाई झगड़े और मारपीट पर उतारू हो जाता था, को सुरक्षाकर्मियों द्वारा थाना लाया गया। पुलिस की समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर थाना प्रभारी के निर्देशन में उसके विरुद्ध धारा 170 के साथ साथ प्रतिबंधात्मक धाराओं 126 एवं 135(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नगर बिलाईगढ़ के धाराशिव रोड क्षेत्र में भक्ति श्रद्धा और भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ गुरुवार को शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर की महिलाओं ने लाल पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर श्रद्धा भाव से यात्रा में सहभागिता की, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

यह धार्मिक आयोजन 08 से 15 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्राए पीठ पूजन एवं कथा प्रारंभ किया गया। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों परीक्षित जन्म, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, रामकथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाललीलाएं, कंस वध, रुक्मिणी विवाह तथा सुदामा चरित्र का भावपूर्ण एवं संगीतमय वर्णन किया जाएगा। इस पावन आयोजन में प्रसिद्ध कथा व्यास पं. अनिल शुक्ला कथा वाचन कर रहे हैं, जो अपनी ओजस्वी वाणी और मधुर संगीतात्मक प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में निमग्न कर रहे हैं। आयोजन के मुख्य यजमान डॉ. दिवाकर देवांगन एवं श्रीमती रामशिला देवांगन हैं। कथा का आयोजन उनके निज निवास धाराशिव रोड, बिलाईगढ़ में किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में देवांगन परिवार सहित क्षेत्र के अनेक धर्मप्रेमी नागरिकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मानुरागी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



## सेवा, समर्पण और सामाजिक चेतना का उदाहरण बने रतन



**कटेली।** सारंगढ़ बरमकेला अंचल के समाजसेवी एवं कैट के जिलाध्यक्ष रतन शर्मा के निःस्वार्थ सेवा कार्यों को एक बार फिर समाज ने सम्मानित किया। कोठीखोल क्षेत्र के वनांचल ग्राम गौरडीह स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, डोंगरीपाली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर के दौरान शिविरार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान की प्रशंसा की।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उग्रसेन पटेल, एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती हेमलता मालाकार तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा श्री शर्मा का सम्मान किया गया। सभी ने एक स्वर में उनके द्वारा समाज के प्रति किए जा रहे निरंतर सेवा कार्यों को प्रेरणादायी बताया। सम्मान समारोह के दौरान शिविरार्थियों ने कहा कि रतन शर्मा जैसे समाजसेवी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच का विकास हो रहा है। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में रतन शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि सेवा, सहयोग और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का संकल्प ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। जब तक जीवन है तब तक समाजहित में कार्य करता रहूँगा। मुझे जो भी सम्मान मिलता है वह मुझे और अधिक जिम्मेदारी का अहसास कराता है। उन्होंने एनएसएस शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं।

## वनांचल में सुरक्षित मातृत्व की मिसाल विशेषज्ञ सेवाओं से बढ़ा संस्थागत प्रसव

**रायगढ़।** राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप खनन प्रभावित एवं सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। विकासखंड लैलूंगा इसका सशक्त उदाहरण बन रहा है, जहां डीएमएफ मद से की गई पहल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती दी है।

डीएमएफ मद से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र एमसीएच लैलूंगा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएन उपाध्याय की पदस्थापना के बाद क्षेत्र में संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव को ठोस आधार मिला है। अब तक एमसीएच लैलूंगा में कुल 574 सुरक्षित प्रसव संपन्न कराए गए हैं।



- **दंत चिकित्सक की तैनाती से ग्रामीणों को राहत, 3 हजार से अधिक मरीजों को मिला उपचार**

अप्रैल 2025 से दिसंबर की अवधि में 105 सिजेरियन एवं 469 सामान्य प्रसव कराए जाना इस बात का प्रमाण है कि विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता से गर्भवती महिलाओं का भरोसा शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगातार बढ़ा है। समय पर उपचार और निगरानी से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप डीएमएफ मद से विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इन निरंतर प्रयासों से लैलूंगा जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ, सशक्त और भरोसेमंद बन रही हैं, जो आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव की कहानी लिख रही हैं।



